

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

उम्र थका नहीं सकती
ठोकरें गिरा नहीं सकती,
अगर जीत हो जितने
की तो परिस्थितियां भी
हरा नहीं सकती ।


रविवार 01 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 59 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## कुंदन कुमार व भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में होली को लेकर हाई लेवल बैठक डीजे व अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध, संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट व पुलिस बल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहार शरीफ, नालंदा।** होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति एवं विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने की। बैठक में जिला शांति समिति के गणमान्य सदस्यों ने होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए अपने–अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस वर्ष होली का त्योहार 2, 3, 4 और 5 मार्च 2026 तक मनाया जाएगा। 2 मार्च को होलिका दहन, 3 एवं 4 मार्च को रंगों की होली तथा 5 मार्च को झुमटा एवं मटका फोड़ का आयोजन होगा। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी भाईचारे और हर्षोल्लास का पर्व है, जिसे सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से जिले में पूर्व में भी पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होते रहे हैं। उन्होंने अपील की कि किसी भी छोटी–बड़ी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत जिला एवं पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। संवेदनशील एवं अति–संवेदनशील स्थलों पर विशेष दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा गश्ती दल सक्रिय रहेंगे। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अफवाह न फैले। लहरिया कट चलाने वाले बाइकर्स पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



होली के अवसर पर डीजे एवं अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। टेंपू एवं ई–रिक्शा में अश्लील गाना बजाते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाइक पेट्रोलिंग के माध्यम से छोटी–छोटी गलियों में भी निगरानी रखी जाएगी। भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं रेलवे स्टेशन पर सुबह और देर रात विशेष गश्ती की व्यवस्था रहेगी। मादक पदार्थों की सप्लाई रोकने के लिए वाहनों की सघन जांच की जा रही है। होलिका दहन के दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अलर्ट मोड में रहेंगी तथा अस्पतालों को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। बिजली विभाग को ढीले तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में पानी, बिजली, सीसीटीवी की कार्यशीलता तथा साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है। होली के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी संवेदनशील स्थलों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी एवं जिला शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



## बिहारशरीफ में पहली बार राइनोप्लास्टी की आधुनिक सुविधा शुरू, अश्विनी कॉस्मेटिक एंड ईएनटी हॉस्पिटल में विशेषज्ञों ने दी उन्नत नाक सर्जरी की जानकारी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** शहर के डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित अश्विनी कॉस्मेटिक एंड ईएनटी हॉस्पिटल में शनिवार को राइनोप्लास्टी (नाक की प्लास्टिक सर्जरी) को लेकर विशेष प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर अस्पताल के संचालक डॉ. अश्विनी कुमार वर्मा, डॉ. अचला वर्मा, डॉ. अभिनव तथा देश के जाने–माने सर्जन डॉ. विकास कुलकर्णी ने विस्तार से जानकारी साझा की। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि अब राइनोप्लास्टी जैसी उन्नत सर्जरी की सुविधा बिहारशरीफ शहर में ही उपलब्ध है। इससे मरीजों को इलाज के लिए बड़े महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि यह सर्जरी अब अपेक्षाकृत कम बजट में स्थानीय स्तर पर संभव है, जिससे आम लोगों को भी इसका लाभ मिल सकेगा। डॉ. विकास कुलकर्णी ने बताया कि रा. इनोप्लास्टी केवल सौंदर्य सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह श्वास संबंधी समस्याओं, टेढ़ी नाक (डेविएटेड सेप्टम) और दुर्घटना के बाद आई विकृतियों को ठीक करने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और सुरक्षित प्रक्रियाओं के माध्यम से बेहतर और संतोषजनक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। डॉ. अचला वर्मा ने कहा कि किसी भी सर्जरी से पहले मरीज की विस्तृत जांच और काउंस. लिंग की जाती है। प्रत्येक व्यक्ति की शारीरिक संरचना अलग होती है, इसलिए उपचार की योजना भी व्यक्तिगत आवश्यकता के अनुसार तैयार की जाती है।उन्होंने बताया कि अस्पताल में ओपन और क्लोज़्ड दोनों तकनीकों से रा. इनोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध है तथा प्रशिक्षित मेडिकल टीम द्वारा सभी मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों का जवाब देते हुए चिकित्सकों ने सुरक्षित सर्जरी, उचित परामर्श और पोस्ट–ऑपरेटिव देखभाल के महत्व पर विशेष बल दिया। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को आधु. निक चिकित्सा सुविधाओं की सही और सटीक जानकारी मिलती रहे।

## होली पर्व पर नालंदा प्रशासन सख्त: कुंदन कुमार और भारत सोनी की संयुक्त बैठक में ड्रोन निगरानी, डीजे पर प्रतिबंध और 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट, (नालंदा)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की समीक्षा की। जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे होली का पर्व हर्षोल्लास, आपसी भा. ईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार होली के अवसर पर सभी प्रकार की छुट्टियां रद्द रहेंगी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने–अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित रहकर कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित होलिका दहन स्थलों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। मटका फोड़, होलिका दहन एवं झूमटा पर्व के आयोजन हेतु शत–प्रतिशत लाइसेंस निर्गत करने तथा संबंधित स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। हो. लिका दहन के दौरान अगीजा की ऊंचाई नियंत्रित रखने, विद्युत तारों से सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं संभावित विद्युत बाधित होने की सूचना आमजन तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को परंपरागत मटका फोड़ स्थलों पर भीड़ नियंत्रण, कार्यक्रम के बाद सड़कों की साफ–सफाई, अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध लगातार छापेमारी, रोको–टोको अभियान, वाहन जांच, रात्रि गश्ती एवं पेट्रोलिंग तेज करने के निर्देश दिए गए।



सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने, संवेदनशील एवं अति–संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी, जुलूसों की अनिवार्य वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने तथा किसी भी छोटी घटना की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया गया। विवादित स्थल, स्ट्रीट लाइट, ट्रांसफार्मर, स्लम एरिया या झुग्गी–झोपड़ी के समीप होलिका दहन की अनुमति नहीं देने तथा थाना स्तर पर अग्निशमन दस्ता एवं पानी टैंकर को अलर्ट मोड में रखने को कहा गया। शराबबंदी को प्रभावी बनाने हेतु स्प्रिट सप्लाई पर रोक, थोक होम्योपैथी दवाखानों, पेंट–वार्निश दुकानों एवं इथेनॉल प्लांट पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हुड़दंगियों, ट्रिपल राइडिंग, लहरिया बाइकिंग, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले तत्वों तथा सोशल मीडिया ग्रुप पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर विशेष नजर रखने को कहा गया। शांति समिति की बैठक, फ्लैग मार्च, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष चौकसी, बाहरी व्यक्तियों की निगरानी, जहरीली शराब की घटनाओं से बचाव, महिलाओं एवं बच्चियों से छेड़छाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई तथा धार्मिक स्थलोंकृमस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान आदिकृपर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध एवं अश्लील गीतों पर रोक लगाने तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खनन एवं भूतत्व पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## मध्य विद्यालय साठोपुर के छात्रों का ऐतिहासिक परिभ्रमण– राजगीर, पावापुरी और नालंदा खंडहर में किया प्राचीन धरोहरों का अध्ययन

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** मध्य विद्यालय साठा. `पुर, बिहारशरीफ के छात्र–छात्राओं ने प्राचार्य अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शैक्षणिक परिभ्रमण कर ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ ऐतिहासिक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने राजगीर, पावापुरी तथा नालंदा खंडहर का दौरा किया। यहां उन्होंने प्राचीन अवशेषों, स्थापत्य कला और ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इन स्थलों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों में जिज्ञासा बढ़ती है और इतिहास को समझने की उनकी क्षमता विकसित होती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भविष्य में भी इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करता रहेगा।




इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। विशेष रूप से शिक्षक सुजीत कुमार का योगदान सराहनीय रहा। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक और यादगार बताया।




# बड़ी पहाड़ी स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में रंगों की धूम होली मिलन समारोह में बच्चों ने दिया प्रेम और भाईचारे का संदेश

**केशववाणी बिहारशरीफ ।** बिहार शरीफ के बड़ी पहाड़ी मामू भागना स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ मनाया।

समारोह के दौरान विद्यालय परिसर अबीर–गुलाल के रंगों से सराबोर नजर आया। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने एक–दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साह ने पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक वातावरण के बीच आपसी सद्भाव और एकता का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने बच्चों को संबोधित करते हुए होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में शिक्षा, संस्कार और परिश्रम के रंग भरें। जिस प्रकार इंद्रधनुष अनेक रंगों से मिलकर बनता है, उसी प्रकार एक सफल व्यक्तित्व ज्ञान, अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत से निखरता है।



विद्यालय की प्राचार्या अनीता कुमारी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण–अनुकूल होली मनाने की सलाह देते हुए प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर बल दिया। साथ ही पानी की बर्बादी से बचने, किसी को जबरदस्ती रंग न लगाने, बड़ों का सम्मान करने और छोटे बच्चों का ख्याल रखने की सीख भी दी।कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक–दूसरे को होली की बधाई दी। विद्यालय में आयोजित यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए यादगार और प्रेरणादायक साबित हुआ।

# नालंदा के रैतर गांव में अनोखी मिसाल- 38वें जन्मदिन पर राजेश कुमार ने 350 बच्चों के बीच बांटी किताबें और होली के रंग

**केशववाणी रानी सिंहा की रिपोर्ट, गिरियक नालंदा।** नालंदा के गिरीयक प्रखंड अंतर्गत रैतर गांव के रहने वाले 38 वर्षीय राजेश कुमार अपने हर जन्मदिन को अनोखे तरीके से मनाते हैं। जहां एक और लोग जन्मदिन के मौके पर केक काटकर और पार्टी करके इसको सेलिब्रेट करने का काम करते हैं। तो वहीं 38 साल के राजेश कुमार बच्चों के बीच खुशियां बांटते हैं। शनिवार को 38 साल के हुए राजेश कुमार ने रैतर मध्य विद्यालय में स्कूली छात्र–छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक और अबीर गुलाल बांटे। राजेश कुमार ने कहा कि पर अपने जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक बांटकर मनाते हैं। इस वर्ष होली का पर्व भी है ऐसे में बच्चों को अबीर गुलाल भी दिया गया। मैं संपन्न लोगों से यह अपील करना चाहता हूं कि वैसे लोग आगे आए और होली का पर्व गरीब बच्चों के साथ मनाएं ताकि उनका भी हौसला बढ़ा रहे। स्कूली छात्रा कोमल ने बताया कि वह काफी खुशी महसूस कर रही है कि राजेश भैया के द्वारा उन लोगों को जन्मदिन के अवसर पर उपहार दिया गया है।स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि समा. जसेवी राजेश कुमार के द्वारा हर वर्ष जन्मदिन के मौके पर स्कूली बच्चों को उपहार दिया जाता है इस पहल से बच्चों में जहां खुशी होती है वहीं ऐसे पहल से समाज मे एक नया संदेश जाता है।



इस अवसर लल्लू यादव, रौशन यादव, उपेंद्र कुमार, अखिलेश यादव, गोरे साव, मख़रुक, संतोष, बिपिन कुमार, रौशन कुमार, अजय कुमार, प्रमोद शर्मा अवधेश प्रसाद, संतोष शर्मा, विनोद रविदास ,उपेंद्र पासवान, अजीत शाह, नवीन कुमार समेत समस्त स्कूल के कर्मी मौजूद रहें।

# सरमेरा के तिरंगा पैलेस में अतिपिछड़ा विकास मंच का होली मिलन समारोह संपन्न

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, सरमेरा नालंदा।** सरमेरा प्रखंड स्थित तिरंगा पैलेस में शनिवार को अतिपिछड़ा विकास मंच की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सीताराम सिंह चंद्रवंशी ने की। समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सीताराम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक सभी आपसी मतभेद भुलाकर रंग–अबीर लगाएं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। उन्होंने समाज में एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया।

सभा को संबोधित करते हुए अरविंद धानुक ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज को अपनी एकता की शक्ति पहच. ाननी होगी। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होगा, तभी उसकी राजनीतिक भागीदारी और प्रभाव बढ़ेगा। उन्होंने आपसी मतभेद और लोभ–लालच से दूर रहकर सामूहिक हित में कार्य करने की अपील की।

इस दौरान श्रीकांत प्रसाद ने कहा कि आर.सी.पी. सिंह द्वारा समाज के लोगों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने सभी से आपसी एकता के साथ होली का आनंद लेने की अपील की।



कार्यक्रम में अमोद कुमार, रामाश्रय प्रसाद सिंह, श्रवण कुमार, सुदामा महतो, संदीप कुमार, सोनू कुमार, जितेंद्र प्रसाद नायक, अर्जुन प्रसाद, नवीन कुमार, बलिराम मिस्त्री, विरमणि राउत, योगेंद्र प्रसाद, डॉ. विनोद कुमार, दिलीप कुमार, तुलसी महतो और कृष्णनंदन महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। समारोह के अंत में सभी ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।









# ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों की बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित, स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर जताई आपत्ति

**केशववाणी । शंकर कुमार की रिपोर्ट**



बिहार शरीफ (नालंदा)। ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों (आरएमपी) की आवश्यक बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन संघ कार्यालय बिहार शरीफ में किया गया। कार्यक्रम में नालंदा के अलावा नवादा, गया, पटना सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में आरएमपी सदस्य शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता संघ के महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे द्वारा विधानसभा में आरएमपी के संबंध में दिए गए बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा यह कहना कि आरएमपी को चिकित्सा करने का कोई अधिकार नहीं है, लाखों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों की भावनाओं को आहत करता है।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 10 सितंबर 2024 को स्वास्थ्य मंत्री ने समाचार पत्रों के माध्यम से आरएमपी के कार्यों की सराहना की थी और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हें "चिकित्सा मित्र" के रूप में भूमिका देने की पहल की बात कही थी। ऐसे में हालिया बयान से बिहार के लाखों आरएमपी स्वयं को अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बयान वापस नहीं लिया गया तो होलिका दहन के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जब सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों के साथ दूरी बना ली गई थी, तब आरएमपी ने घर–घर जाकर प्राथमिक उपचार कर लाखों लोगों की जान बचाई थी। इस कार्य की सराहना स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा भी की जा चुकी है।बैठक के दौरान सरकार द्वारा एनआईओएस के माध्यम से 36,000 आरएमपी को प्रशिक्षित करने की पहल का स्वागत करते हुए सदस्यों ने इसे सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक–दूसरे को रंग–अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संघ के सचिव डॉ. संजय कुमार, अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. किशोरी प्रसाद, डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. कुंदन कुमार, डॉ. देवेंद्र कुमार, निसार अहमद, डॉ. जिया उल हक, बिहारशरीफ के फिजिशियन डॉ. विरमानी कुमार, संघ के संरक्षक तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स नालंदा के अध्यक्ष अनिल कुमार अकेला समेत सैकड़ों आरएमपी सदस्य उपस्थित थे।



# नालंदा में पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के क्रियान्वयन को लेकर बैठक, 13 विद्यालयों में 'आयुर्विद्या' और एक गांव में 'आयुष ग्राम' योजना लागू होगी

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट, की रिपोर्ट।** बिहार शरीफ(नालंदा)। राज्य आयुष समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना के निर्देश एवं जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने की। बैठक में बताया गया कि जिले के 13 विद्यालयों में 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए 'आयुर्विद्या' कार्यक्रम तथा एक चयनित गांव में 'आयुष ग्राम' कार्यक्रम संचा. लित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार करने, आयुष चिकित्सकों का रोस्टर तैयार करने तथा चिन्हित स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया गया। 'आयुर्विद्या' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में आयुष आधारित स्वास्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच, विकास की निगरानी तथा आहार, नींद और शारीरिक मुद्रा से संबंधित जीवनशैली शिक्षा प्रदान की जाएगी। बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना, पंचायती राज एवं अन्य विभागों के बीच समन्वय और सक्रिय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी को कार्यक्रम के संचालन में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। इस अवसर पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदा. धिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला स्वास्थ्य समिति के प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।साथ ही छात्रों और शिक्षकों के लिए योग, मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 'आयुष ग्राम' योजना के तहत चयनित गांव में आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। योग, पोषण तथा हर्बल गार्डन के संबंध में जानकारी दी जाएगी और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

# सद्भाव पूर्ण माहौल में मनाएं होली - अनिता कुमारी गुप्ता

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** स्थानीय पाण्डु पोखर में शनिवार को रंग दे राजगीर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन नगर परिषद राजगीर की सभापति जीरो देवी व मुखिया संध्या सिंह ने की। राजगृह महिला मंच क्लब की सचिव समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता ने बताया कि इस तरह के आयोजन से एक तो अपने त्योहारों के बारे में लोगों को जागरूकता होती है। वहीं एक दूसरे से मिलने का समय भी निकल आता है। आज इस भाग दौड़ के युग में हर कोई अपने–अपने कामों में लगे रहते हैं। एक दूसरे से मिल पाना भी मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि होली को सद्भाव से मनाएं। यह भाईचारा का पर्व है। इस मौके पर सबों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।इस मौके पर पार्षद कविता कुमारी, पार्षद मनीषा कुमारी, मंच के अध्यक्ष अंतरा साव, समन्वयक ममता कुमारी, एडिटर कंचन कुमारी, गीता कुमारी, सीमा गुप्ता, अनुपमा कुमारी, निशि कुमारी, हर्षिता कुमारी, प्राची, पूनम, काजल सहित अन्य मौजूद थे।



# विकसीत भारत यूथ पार्लियामेंट में राज्य के लिए पांच छात्रों का हुआ चयन लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता जरूरी – बीरेन्द्र कुमार सिंह

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजकीय डिग्री कॉलेज में चल रहे विकसीत भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 में शनिवार को आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें पांच बेहतर छात्रों का चयन किया गया। ये राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इन सफल छात्रों में पहला स्थान निवेदिता राज सिंह, दूसरा स्थान राजकुमार, तीसरा सुमंत कुमार, चौथा अनन्या गुप्ता और पांचवां पर ज्योति कुमारी रही। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बिहार नागरिक परिषद के मह. ासचिव बीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन युवाओं में जोश, उत्साह तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करता है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी जरूर है। सभापति जीरो देवी ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। नगर पंचायत सिलाव के मुख्य पार्षद जय लक्ष्मी ने कहा कि युवाओं को आगे आना होगा। जिला प्रोग्राम ऑफिसर आनंद शंकर ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यूथ पार्लियामेंट युवाओं को संसदीय परंपराओं, संवैधानिक मर्यादाओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है।



प्रतिभागियों की तार्किक प्रस्तुति, अनुशासन एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय राष्ट्र निर्माण से जुड़े ऐसे आयोजनों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कामना ने बताया कि इस जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजगीर को नोडल कॉलेज बनाया गया था। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अनुज कुमार सिंह, डॉ. विनीत लाल सहित अन्य शामिल थे। मंच का संचालन डॉ. शारदा कुमारी ने किया तो धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुमार सोनू शंकर ने की। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ. मुसर्रत जहां, डॉ. करार, डॉ. शारदा, डॉ. कामना, डॉ. अमर, डॉ. सत्येन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 1 दिसम्बर 2025 से
प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को स्त्री रोग से संबंधित OPD मुफ्त (फ्री)
श्री श्याम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल

डॉ0 सानू रंजन
M.B.B.S., PMCH (PATNA)
PGCC (Clinical Diabetes)
Resident Medicine, BMIMS, Pawapuri
जेनरल फिजिशियन एवं चीनी रोग विशेषज्ञ

डॉ0 रामप्रवेश सिंह
M.B.B.S. (RU)
DPM Psych. (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Resident (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Head of Department of Psychiatry (JNKTMCH, Madhepura)
SMO Psychiatry (BMIMS Pawapuri)
नस एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ

डॉ0 ध्रुव कुमार
M.B.B.S., DNB, ORTHO, MNAMS
Ex-Sr. BMIMS, Pawapuri (Nalanda)
Ex-Consultant Asian City Hospital (Patna)
Ex-Consultant ARSH Super Speciality Hospital (Gaya)
Ex-Sr. ANMCH (Gaya)
नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ0 अभिषेक कु0 आर्य
BSc. Hons MU (Gaya)
CMS&ED, AGAMCH (Darbhanga)
DMRT, PMCH (Patna)
MD (AM) Rajsthan
स्त्री एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ

डॉ0 शमा प्रवीण
M.B.B.S., M.S. (GYN)
PMCH (Pat.)
स्त्री एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ

डॉ0 मो0 शकील
M.B.B.S. (Muz.)
MD., PMCH (Pat.)
जेनरल फिजिशियन

डॉ0 अजय कुमार
M.B.B.S. (Pat.)
M.S. Surgery (Pat.)
जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ0 अभिनव कुमार
M.B.B.S., MS (ENT & Head Neck)
Surgery, PMCH (Patna)
Senior Resident BMIMS, Pawapuri

विशेष सुविधाएँ :
24 Hours Emergency, OPD, IPD, ICU, ECG, HDU
X-Ray, Ultrasound, B.P., Sugar, Pathology, Burn Injury
Posioning, ECHO, Painless Delivery, Surgery, Ventilator etc.
प्रत्येक दिन बी.पी. एवं शुगर का मुफ्त जाँच की सुविधा उपलब्ध
बच्चेदानी में सभी प्रकार के कैंसर का इलाज किया जाता है। सफेद धाध (लिकोरिया) मासिक में गड़बड़ी इत्यादि का सफल इलाज किया जाता है।

- आँत में छेद।
- हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन।
- बच्चेदानी का ऑपरेशन।
- पेशाब की नली की पथरी का इलाज।
- सिजेरियन एवं नॉर्मल डिलेवरी की सुविधा।
- लकवा, ट्रॉमा सर्जरी, एक्सीडेंटल।
- घुटना प्रत्यारोपण एवं कुल्हा प्रत्यारोपण।
- हड्डियों के सभी प्रकार के इलाज।
- जले हुए मरीजों के इलाज की सुविधा।
- साँप, बिच्छू एवं जहर खाये हुए मरीजों के इलाज की विशेष सुविधा।

- आपातकालीन चिकित्सा ।
- जेनरल मेडिसीन ।
- जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी।
- श्वांस एवं फेफड़ा रोग ।
- किडनी रोग ।
- हृदय रोग ।
- मस्तिष्क रोग ।
- स्त्री एवं प्रसव रोग ।
- पेट एवं आँत रोग ।
- आँख, नाक, कान, गला रोग ।
- मानसिक एवं नस रोग ।
- हड्डी एवं नस रोग ।
- 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध ।

* यहाँ पल्स ऑक्सीमीटर, मोनिटर, ऑक्सीजन नेबुलाईजर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध ।
* लकवा, मिर्गी, ब्रेन हैमरेज, चक्कर आना ।
* याददाश्त में कमी, शरीर में कंपन ।
* पैरों में कमजोरी, हाथ-पैर में जलन ।
* सरदर्द, गर्दन दर्द, पीठ एवं कमर दर्द ।
* रीढ़ की हड्डी की समस्या ।
* उठने-बैठने चलने में परेशानी ।
* स्त्रीयों में स्तन गाँठ, बच्चेदानी की गाँठ बच्चेदानी में (फाइबरड) दवा के द्वारा ठीक किया जाता है।

काँके (राँची) के अनुभवी मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा नशा संबंधित रोगों का इलाज किया जाता है।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे- शराब, गांजा, अफीम, चरस, बी.एस., बॉनफिक्स इत्यादि के सफल इलाज हेतु सम्पर्क करें।
पता–न्यू पुष्पा प्रिंटिंग प्रेस के प्रांगण में
मछली मार्केट से उत्तर. नाला रोड. शिवपुरी. बिहारशरीफ (नालन्दा)
Mob.: 9934720120 (Clinic), 9835071320, 9308084121(Shashi)

# किड्ज केयर कान्वेंट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** स्थानीय हाजीपुर मो. हल्ला स्थित किड्ज केयर कान्वेंट के प्रांगण में होली मिलन समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। नन्हे–मुन्ने बच्चों की मुस्कान और उमंग से पूरा विद्यालय परिसर आनंदमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने होली से संबंधित सुंदर चित्र चार्ट पेपर पर बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने होलिका दहन का चित्र उकेरा तो किसी ने रंगों से सराबोर लोगों का मनो. हारी दृश्य प्रस्तुत किया। कुछ बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाकर उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से जगमगा उठा। विद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने बच्चों को होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में शिक्षा, संस्कार और मेहनत के सुंदर रंग भरें। जिस प्रकार इंद्रधनुष अनेक रंगों से मिलकर बनता है, उसी प्रकार व्यक्तित्व भी ज्ञान, अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम से निखरता है।




विद्यालय की प्राचार्या नूतन कुमारी ने सर्वप्रथम सभी बच्चों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित और पर्यावरण–अनुकूल होली मनाने की सीख देते हुए कहा कि प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें, पानी की बर्बादी से बचें तथा किसी को जबरदस्ती रंग न लगाएं। साथ ही बड़ों का सम्मान करने और छोटे बच्चों का ख्याल रखने की भी सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन बच्चों के लिए यादगार, प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण रहा।



# नालंदा जिला कांग्रेस कार्यालय में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,।** बिहारशरीफ (नालंदा)। नालंदा जिला कांग्रेस कार्यालय, राजेंद्र आश्रम, बिहारशरीफ में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपनी सादगी, ईमानदारी और विनम्रता के लिए सदैव याद किए जाते रहेंगे। वे न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक प्रख्यात शिक्षाविद और कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। वे भारत छोड़ो आंदोलन में भी सक्रिय रहे और जेल गए। साथ ही वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे। इस मौके पर रमेश पासवान, राजीव कुमार मुन्ना, डॉ. अवधेश प्रसाद, ओंकार शास्त्री, मोहम्मद इम्तियाज आलम (अधिवक्ता), मोहम्मद ईजाद खान, संतु कुमार, अनिल चंद्रवंशी, प्रभात कुमार वर्मा सहित अनेक कांग्रे. सजन उपस्थित रहे। सभी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हासनचक के नव-निर्मित घटेश्वर मंदिर में 7 दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह अखंड कीर्तन का भव्य समापन, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट,।** हरनौत (नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के डिहरी पंचायत अंतर्गत हासनचक गांव स्थित नव–निर्मित घटेश्वर मंदिर में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह अखंड कीर्तन "हरे रामा हरे रामा, हरे कृष्णा हरे कृष्णा" का शनिवार को विधिवत समापन हो गया। समापन अवसर पर भव्य प्रसाद भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। समारोह में अयोध्या से पधारे यज्ञकर्ता बाबा श्री अमरकांत पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि–विधान के साथ यज्ञ का समापन कराया। उन्होंने बताया कि पूरे अनुष्ठान को गुरु मंत्र एवं शास्त्रीय परंपरा के अनुसार संपन्न कराया गया। अंतिम दिन संध्या समय भागवत आचार्य रवि कृष्णा दुबे ने कृष्ण–सुदामा की अटूट मित्रता की कथा का मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने जीवन की नश्वरता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "जिंदगी एक किराये का घर है, एक दिन सबको जाना ही होगा।" इस भावपूर्ण प्रवचन से श्रद्धालु भाव–विभोर हो उठे।



समापन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आचार्य को अंगवस्त्र एवं दान–दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। विदाई गीत के दौरान कई श्रद्धालुओं एवं पुजारियों की आंखें नम हो गईं। अंत में शिव आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।इस धार्मिक आयोजन में ग्रामीण अवधेश कुमार उर्फ पप्पू जी, पूर्व सरपंच कारू राम, ललन पासवान, रुदल पासवान, सरपंच राजकुमार सहित दर्जनों ब्राह्मण और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा गांव भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में सराबोर नजर आया।

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट।** बिहारशरीफ (नालंदा)। डैफोडिल पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। समारोह के दौरान शिक्षकों ने जल मृदंग की थाप पर पा. रंपरिक होली गीत प्रस्तुत कर वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। गीत–संगीत और रंगों की मस्ती से पूरा विद्यालय परिसर उल्लास से सराबोर हो उठा। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह ने कहा कि होली रंग, उत्साह और खुशियों का त्योहार है।उन्होंने कहा कि डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण होली मनाने का संदेश दिया।

# बैगलेस डे के अंतर्गत मधुबनी पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजगीर में बैगलेस डे के तहत मधुबनी पेंटिंग और कला के बारे में कार्यशाला हुई। इसमें छात्रों ने भाग लिया। मुख्य प्रशिक्षक मिथिला कला संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रतीक प्रभाकर ने कहा कि मधुबनी पेंटिंग प्राकृतिक रंगों से की जाती है। इस चित्रकला में पौराणिक घटनाओं के वर्णा के साथ–साथ ज्यामितीय आकर और डिजाइन भी देखने को मिलती है। इस पारंपरिक मधुबनी कला को पहले महिलाएं करती थी। आज यह न केवल भारत के लोगों के बीच लोकप्रिय है बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। इससे पहले प्राचार्य विवेक किशोर ने प्रोफेसर डॉ. प्रतीक का स्वागत किया। वहीं छात्रों ने कला को स्वयं बनाने का प्रयास किया और इस कला के बारे में जानकरी ली। संयोजक कला शिक्षक अनन्त कुमार सिंह, बैगलेस डे प्रभारी रोहित वर्मा एवं खेल शिक्षक बिलटन मौजूद थे।



# हरनौत बाजार स्थित पीजी इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत(नालंदा)।** हरनौत बाजार अंतर्गत गोनावा रोड नेशनल हाईवे 30। के किनारे स्थित पीजी इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की छात्रा–छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर होली के रंगों में सराबोर होकर पर्व की खुशियां मनाई। होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत रंग अभिनंदन के साथ की गई। जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। और शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। होली मिलन समारोह के दौरान पूरा स्कूल परिसर में हर्षोल्लास का माहौल बना रहा।स्कूल के डायरेक्टर कमलेश कुमार ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली उत्सव और उल्लास का त्यौहार है हमें आज के दिन से ही बुराइयों को त्याग कर अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली पर्व के अवसर पर स्कूल में 10 मार्च तक निशुल्क नाम. ांकन जारी है। वही मौके के पर प्रिंसिपल ऋषि पाल हंसू एवं अमित कुमार, वीरेंद्र कुमार, मनीष कुमार, मंडल कुमार, पिंकू कुमार, मुकेश कुमार,छोटी कुमारी, पूजा कुमारी समेत सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

